((address_line_1))
((address_line_2))
((address_line_3))
((address_line_4))
((address_line_5))
((address_line_6))
((address_line_7))

तिथि: ((date))
NHS नंबर: ((nhsNumber))

आपके NHS स्प्रिंग कोविड-19 वैक्सीन की बुकिंग

प्रिय ((fullName)),

आप निःशुल्क NHS स्प्रिंग कोविड-19 वैक्सीन बुक कर सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि आपके NHS रिकॉर्ड से पता चलता है कि आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो सकती है। आपको वैक्सीन देने से पहले हमें इसकी पुष्टि करनी होगी।

अपॉइंटमेंट कैसे बुक करें

- **NHS ऐप** पर या इस वेबसाइट पर ऑनलाइन बुक करें **www.nhs.uk/book-covid**
- समीपी कोविड वैक्सिनेशन वाले स्थान यहाँ ढूँढें **www.nhs.uk/covid-walk-in**

आपको **17 जून 2025** से पहले बुकिंग कर लेनी चाहिए। यह आपके लिए वैक्सीन लेने की अंतिम तिथि है।

यदि आपको सहायता चाहिए

यदि आप ऑनलाइन प्राप्त नहीं कर सकते, तो **119** पर फ़ोन करें। अनुवादक उपलब्ध हैं। आप टेक्स्ट फ़ोन **18001 119** या **www.signvideo.co.uk/nhs119** पर NHS ब्रिटिश साइन लैंग्वेज (BSL) सेवा का भी उपयोग कर सकते हैं।

यदि आपकी देखभाल घर में होती है, तो अपने GP सर्जरी को **घर बुलाने** के लिए सम्पर्क करें। यदि वे इसकी व्यवस्था नहीं कर सकते हैं, तो **www.england.nhs.uk/covid-vaccination-contacts** पर सहायता प्राप्त करें।

इस आमंत्रण के अन्य प्रारूप भी उपलब्ध हैं। आसान भाषा में पढ़ने, ऑडियो, BSL और अनुवाद के लिए यहां जाएं **www.england.nhs.uk/seasonal-invites**

NHS वसंत ऋतु में कोविड-19 वैक्सीन की पेशकश क्यों कर रहा है?

कोविड-19 संक्रमण पूरे वर्ष भर होता रहता है और इससे बचना कठिन हो सकता है। यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी सुरक्षा बढ़ाएँ क्योंकि यह समय के साथ कमजोर हो जाती है और वायरस के प्रकार बदल सकते हैं।

कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में कोविड-19 से गंभीर रूप से बीमार होने का खतरा बढ़ जाता है। वसंत ऋतु में कोविड-19 वैक्सीन लगवाने से आपके लक्षणों के गंभीर होने जोखिम कम हो जाएगा। आप यहाँ और अधिक जानकारी पढ़ सकते हैं **www.nhs.uk/covidvaccination**

जांचें कि क्या आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है

आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमज़ोर हो **सकती है** यदि:

- आपको रक्त कैंसर (ल्यूकेमिया, लिंफोमा या मायलोमा) है या था
- आपने किसी अंग, अस्थि मज्जा या स्टेम सेल ट्रांसप्लांट करवाया है
- आपको HIV है
- आपको एक आनुवंशिक विकार है जो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को प्रभावित कर रहा है
- आप कीमोथेरेपी, बायोलॉजिकल थेरेपी या रेडियोथेरेपी ले रहे हैं या हाल ही में ही लिया है
- आप स्टेरॉयड दवाएं लेते हैं, आपके डोज़के आधार पर
- आप इम्यूनोसप्रेसिव (प्रतिरक्षा दमनात्मक) उपचार ले रहे हैं।

यह एक संक्षिप्त सूची है और इसमें सबकुछ शामिल नहीं है। यदि आप निश्चित नहीं हैं तो अपने फार्मासिस्ट, GP सर्जरी या विशेषज्ञ से बात करें।

भवदीय,

NHS इंग्लैंड वैक्सिनेशंस टीम

डेटा सुरक्षा: NHS इंग्लैंड राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रमों के प्रयोजनों के लिए आपके निजी डेटा को संसाधित करने के लिए जिम्मेदार है। अधिक जानने के लिए, आप यहां हमारी गोपनीयता सूचना यहाँ पढ़ सकते हैं: **www.england.nhs.uk/contact-us/privacy-notice** यदि आपके पास इस आमंत्रण के बारे में कोई भी प्रश्न हैं, तो इस वैबसाईट को देखें **www.england.nhs.uk/invite-enquiry ऑप्ट आउट करने के लिए यहाँ देखें: www.nhs.uk/covid-invite-preferences**.